दैनिक भास्कर 17/10/2023

आयु पूरी होने से पहले विवाह नहीं करना चाहिए: डॉ. रोहित

अम्बाला | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के लीगल लिटरेसी क्लब ने प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता में अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया। इस प्रोग्राम के मुख्य वक्ता पीएलवी अजय शंकर तिवारी थे। प्रोग्राम का विषय प्रो बोनो अंडर चाइल्ड मैरिज व उद्देश्य बीकॉम के विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा करना था। इस संदर्भ में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि कानून के अनुसार आयु से पहले विवाह नहीं करना चाहिए और ऐसे मामलों में लोगों में जागरूकता और उन्हें उजागर करना जरूरी है।